भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2215

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

भारतीय चिकित्सा पद्धति

2215. श्री सु. वेंकटेशन:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले वर्ष भारतीय चिकित्सा पद्धति (आईएसएम) के अंतर्गत आयुष संस्थानों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की कुल संख्या कितनी है; और

(ख) इन संस्थानों में प्रयोगशाला सुविधाओं की उपलब्धता और कार्यशीलता के बारे में विशिष्ट आंकड़ों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): पिछले वर्ष के दौरान, भारतीय चिकित्सा पद्धति (आईएसएम) के अंतर्गत आयुष संस्थानों में नामांकित छात्रों की कुल संख्या **संलग्नक-I** पर दी गई है।

(ख): इन संस्थानों में प्रयोगशाला सुविधाओं की उपलब्धता और कार्यक्षमता के संबंध में विशिष्ट आंकड़ों का विवरण **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

****

संलग्नक-I

पिछले वर्ष (शैक्षणिक वर्ष 2025-26) में भारतीय चिकित्सा पद्धति (आईएसएम) के तहत आयुष संस्थानों में नामांकित छात्रों की कुल संख्या*

क्र.सं.	**पद्धति**	**नामांकित छात्रों की संख्या**
1.	आयुर्वेद	42,554
2.	यूनानी	2601
3.	सिद्ध	907
4.	सोवा रिग्पा	35
कुल		**46,097**

***स्रोत: भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम)।**

संलग्नक-II

शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए इन संस्थानों में प्रयोगशाला सुविधाओं की उपलब्धता और कार्यक्षमता के संबंध में विशिष्ट आंकड़ों का विवरण*

क्र.सं.	**पद्धति**	**आईएसएम में उपलब्ध और कार्यशील प्रयोगशालाओं की संख्या**
1.	आयुर्वेद	850
2.	यूनानी	75
3.	सिद्ध	23
4.	सोवा रिग्पा	21
कुल		**969**

***एनसीआईएसएम से प्राप्त**